श्री बिरला ने श्री मुखर्जी की कुशलक्षेम पूछी

'श्री मुखर्जी अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से बहुत जल्द कोविड-19 को हराने में कामयाब होंगे।': लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 12 अगस्त 2020: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने पूर्व राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी की बेटी, सुश्री शर्मिष्ठा मुखर्जी से फोन पर बात की और श्री मुख़र्जी की कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने श्री मुख़र्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि वे स्वास्थ्य संबंधी सभी कठिनाइयों पर जल्द विजय पा लेंगे।

इससे पहले 10 अगस्त 2020 को अपने ट्वीट में श्री बिरला ने कहा था: "पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मेरा विश्वास है कि वे अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से बहुत जल्द कोविड-19 को हराने में कामयाब होंगे।@CitiznMukherjee"

श्री मुखर्जी को कोविड-19 संक्रमण की गंभीर हालत में सोमवार को सेना के आर एंड आर अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनकी स्थिति अभी भी नाज़ुक है।